अघोर पञ्चाङ्गम्

अघोर शोध संस्थान एवं ग्रन्थालय
अघोर परिषद ट्रस्ट
अवधूत भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम
पड़ाव, वाराणसी

अघोर पञ्चाङ्गम्

सम्पादक ❑ डॉ. आनन्द कुमार श्रीवास्तव

सह सम्पादक ❑ अशोक कुमार

प्रबन्ध सम्पादक ❑ डॉ. शिव पूजन सिंह

❑ वी.वी. सिंह विश्वेन (आई.ए.एस.)

❑ डॉ. देवेन्द्र कुमार सिंह

अघोर शोध संस्थान एवं ग्रन्थालय

अघोर परिषद ट्रस्ट

अवधूत भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम

पड़ाव, वाराणसी - 221102

❑ प्रकाशक

अघोर शोध संस्थान एवं ग्रन्थालय
सञ्चालक - अघोर परिषद ट्रस्ट (रजि.)
अवधूत भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम
पड़ाव, वाराणसी - 221102 (भारत)

© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

❑ प्रथम संस्करण : गुरुपूर्णिमा
विक्रम संवत् 2056
28 जुलाई, 1999
1500 प्रतियाँ

❑ सहयोग राशि : रु० 350 = 00

❑ मुद्रक : जय श्री प्रिन्टिंग प्रेस
अर्दली बाजार वाराणसी
फोन : 344451

पञ्चमुखी शिव

(पड़ाव आश्रम के भित्ति चित्र से)

आदिगुरु दत्तात्रेय

अघोराचार्य महाराज श्री कीनाराम जी

गुरुः कः ?

ईश्वरः कः ?

कापालिकः कः ?

सौन्दर्यं किम् ?

एतादृशपृच्छासु प्रत्यहमानन्ददोलिताक्षो यत्।
शास्त्रानुद्धरणेऽपि रामो ब्रूते तदस्त्यघोरतन्त्रमतम्।

(उपर्युक्त प्रकार के प्रश्नों के प्रतिसमाधान में, शास्त्र के सन्दर्भों के उद्धरण के बिना भी, आनन्द से आन्दोलित नेत्रों वाले औघड़ भगवान राम जो कुछ भी कहते हैं उससे वस्तुतः अघोरतन्त्र के सिद्धान्त का स्वरूप निर्माण होता है।)

श्रीमदवधूत भगवद्रामावदानशतकम् से

रमता है सो कौन, घट-घट में विराजत है।
रमता है सो कौन, बता दे कोई।।

परम पूज्य अवधूत भगवान राम जी
(1937 -1992)

संस्थापक अध्यक्ष :

• बाबा भगवान राम ट्रस्ट • श्री सर्वेश्वरी समूह
• अघोर परिषद् ट्रस्ट

आशीर्वचन

ॐ तत्सत्

परम पूज्य अघोरेश्वर द्वारा स्थापित **अघोर शोध संस्थान एवं ग्रन्थालय** जिससे पूर्व में भी लोग लाभान्वित होते रहे हैं एवं वर्तमान में **'अघोर पञ्चाङ्गम्'** शोध संस्थान ग्रन्थमाला का प्रथम पुष्प है। यद्यपि कि शोध कार्य परम पूज्य अघोरेश्वर के समय से ही प्रारम्भ हुआ था लेकिन कतिपय कारणों के चलते आगे नहीं बढ़ पाया।

सन् 1998 की 10 मई को अघोर टेकरी, सारनाथ में आयोजित **परम पूज्य अघोरेश्वर की चरणपादुका स्थापना समारोह** के अवसर पर डॉ० राम दुलार सिंह जी (सेवानिवृत्त पुस्तकालयाध्यक्ष, नेशनल लाइब्रेरी, कलकत्ता) के उत्साह को देखते हुए पुनः इस कार्य को गति मिली। अशोक कुमार तथा डॉ० देवेन्द्र कुमार सिंह कार्य में पूर्ण सहयोग देने हेतु सहर्ष प्रस्तुत हुए। जिसका एक अभिनव प्रयोग हम सभी के समक्ष है।

इस कार्य में जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय व सहयोग दिया उसके लिए मैं परमपूज्य अघोरेश्वर एवं सभी अघोर साधकों से उनके मंगलमय भविष्य की कामना करता हूँ।

अधिकारी गण इसका लाभ उठाकर लोक मंगल कार्य में प्रवृत्त होंगे, ऐसी आशा करता हूँ।

अकिञ्चन

गुरुपद संभव राम

अध्यक्ष

बाबा भगवान राम ट्रस्ट

श्री सर्वेश्वरी समूह

अघोर परिषद् ट्रस्ट

गुरुपूर्णिमा

विक्रम संवत् 2056

28 जुलाई, 1999

पूज्यपाद गुरुपद संभव राम जी

अध्यक्ष :

• बाबा भगवान राम ट्रस्ट • श्री सर्वेश्वरी समूह

• अघोर परिषद् ट्रस्ट

।। अघोर यन्त्र ।।

(अघोर पञ्चाङ्गम् अघोर पटलः ३२-५२)

उत्तर

भृङ्गरीटि



नन्दी

दक्षिण

* अष्टमातृका : १. ब्राह्मी २. नारायणी ३. कौमारी ४. अपराजिता ५. माहेश्वरी ६. चामुण्डा ७. वाराही ८. नारसिंही
* पंचगण/बेताल : ⑨ हयास्य ② अष्ट्रवक्त्र ③ वह्निवक्त्र ④ व्यालास्य ⑤ मकरास्य
* त्रय नदियाँ : ग-गंगा, य-यमुना स-सरस्वती
* केन्द्र : क्रीं-महामाया काली

नोट : अष्टमातृका पुनः अष्ट रूप अघोर शिव शक्ति पर आधारित है : वामदेव, महादेव सद्योजात, बलप्रथमन, शर्व, विकरण एवं बल।
* त्रय नदियां - तृगुण सूचक (सत्व, रजस, तमस)

हे घट-घट में रमने वाले!

गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर

अघोर शोध संस्थान ग्रन्थमाला का

प्रथम पुष्प अघोर पञ्चाङ्गम्

आपके चरण कमलों में

सादर समर्पित .....

सम्पादकीय

यद्यपि मैं तन्त्र विशेषज्ञ नहीं हूँ फिर भी **अघोरपञ्चाङ्गम्** के सम्पादन एवं हिन्दी अनुवाद कार्य को पूज्यपाद बाबा गुरुपद संभव राम जी का आदेश समझ कर मैने स्वीकार कर लिया। यह बाबा का ही आशीर्वाद था कि मैं तन्त्र विद्या के इस दुरूह ग्रन्थ के सम्पादन एवं अनुवदन में समर्थ हो सका। यह उल्लेखनीय है कि अघोरपञ्चाङ्गम् का यह प्रथम संस्करण संस्कृतवर्ष (युगाब्द 5101) में प्रकाशित हो रहा है।

कुन्हन राजा द्वारा सम्पादित न्यू कैटलागस कैटलागरम के अनुसार इस ग्रन्थ की पाण्डुलिपियाँ भिन्न नामों से विभिन्न पुस्तकालयों में प्राप्त हैं किन्तु प्रस्तुत ग्रन्थ के सम्पादन के लिए दो पाण्डुलिपियाँ ही उपलब्ध थीं – (क) अडयार पुस्तकालय, चेन्नई एवं (ख) सरस्वती भवन पुस्तकालय, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी। इन दोनों हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर प्रस्तुत ग्रन्थ की प्रति तैयार की गयी है।

उपर्युक्त पाण्डुलिपियाँ संस्कृत भाषा एवं देवनागरी लिपि में हैं। भाषा सरल है। दोनों ही पाण्डुलिपियों में लिपिकार के प्रमादवश व्याकरणात्मक एवं वर्तनी की अशुद्धियाँ पर्याप्त थीं। उनके स्थान पर शुद्ध पाठ स्वीकार किया गया है। जहाँ कहीं अशुद्धियाँ तन्त्र भाषा के अनुकूल प्रतीत हुईं, उन पाठों को ज्यों का त्यों स्वीकार कर लिया गया। प्रस्तुत संस्करण को तैयार करने के लिए 'क' पाण्डुलिपि को आधारभूत मानकर 'ख' पाण्डुलिपि से सहायता लेकर पाठ निर्धारित किया गया। पाद–टिप्पणी में पाठान्तर का उल्लेख कर दिया गया है। दोनों ही पाण्डुलिपियों में लिपिकारों ने यत्र-तत्र शब्द विन्यासों में संशोधन किया है। लिपिकारों ने श्लोकों के आगे संख्या का प्रायः उल्लेख नहीं किया है। 'ख' पाण्डुलिपि में यत्र-तत्र श्लोक संख्या दृष्टिगत होती है। दोनों पाण्डुलिपियों की तुलना करने पर ज्ञात हुआ कि कुछ अंश 'क' में लुप्त है तो कुछ अंश 'ख' में। 'क' पाण्डुलिपि तो अघोरपञ्चाङ्ग शीर्षक से प्राप्त है किन्तु 'ख' पाण्डुलिपि भिन्न-भिन्न स्वतन्त्र ग्रन्थों का संकलन है। 'क' पाण्डुलिपिकार ने अपने नाम का उल्लेख नहीं किया है जबकि 'ख' पाण्डुलिपिकार बैजनाथ द्विवेदी हैं।

अघोरपञ्चाङ्ग के मूल लेखक का नाम एवं ग्रन्थ का रचना काल अज्ञात है। ग्रन्थ की पुंष्पिका में **''इति श्री रुद्रयामलतन्त्रेऽघोरसहस्राख्ये कल्पेऽघोरपूजापद्धतिः सम्पूर्णा''** ('ख' पाण्डुलिपि) उल्लेख होने से स्पष्ट है कि यह रुद्रयामल तन्त्र का उत्तर भाग है।

हिन्दी अनुवाद करते समय शाब्दिक अनुवाद करने की चेष्टा की गयी है। किन्तु कहीं-कहीं अर्थ की स्पष्टता के लिये भावानुवाद भी किया गया है। मैं समझता हूँ कि प्रस्तुत ग्रन्थ अघोर दर्शन के जिज्ञासुओं के लिये विशेष सामग्री उपस्थित करेगा।

महाकवि कालिदास के शब्दों में 'आ परितोषाद् विदुषां न मन्ये साधु प्रयोग-विज्ञानम्' अर्थात् जब तक विद्वज्जनों को परितोष न हो तब तक अपने प्रयोग को सफल नहीं माना जा सकता। यदि सुधीजन एवं आस्थालु मेरे इस बाल प्रयास से यत्किञ्चित् सन्तुष्ट हो सके तो यह देवादिदेव का प्रसाद ही होगा।

अन्त में, मैं श्री अशोक कुमार, शोध सहायक, अघोर शोघ संस्थान एवं ग्रन्थालय के प्रति आभार प्रकट करता हूँ। उनके प्रचुर श्रम एवं यत्र-तत्र परामर्शों के कारण ही यह प्रयास मूर्त्त रूप ले सका। मैं डॉ. विजय शंकर सहाय, रीडर, नृविज्ञान विभाग, एवं डॉ. ओम प्रकाश श्रीवास्तव, रीडर, प्राचीन इतिहास विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रति विशेष कृतज्ञ हूँ जिन्होंने मुझे इस कार्य में प्रेरित कर तन्त्र विषयक अभिरुचि पैदा की।

पाण्डुलिपियों की प्रति डॉ. मण्डन मिश्र, सम्मान्य कुलपति, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा पुस्तकाध्यक्ष, अडयार पुस्तकालय, चेन्नई के सौजन्य से सरलतया प्राप्त हो सकी। एतदर्थ मैं दोनों महानुभावों के प्रति हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

डॉ० आनन्द कुमार श्रीवास्तव
सदस्य, सलाहकार समिति (संस्कृत प्रकोष्ठ)
अघोर शोध संस्थान एवं ग्रन्थालय
अध्यक्ष, संस्कृत विभाग
सी.एम.पी. डिग्री कालेज, इलाहाबाद

विषयानुक्रम

- उपोद्घात i - xiii
- अघोरपटलः 1 - 21
- अघोरपूजापद्धतिः 25 - 62
- अघोरकवचम् 65 - 74
- अघोरसहस्रनाम 77 - 104
- अघोरस्तोत्रम् 107 - 118
- पारिभाषिक शब्दावली 119 - 125
- पद्यानुक्रम 126 ....

उपोद्घात

अघोरेश्वरं वन्दे जगद्गुरुं

अघोर शोध संस्थान ग्रन्थमाला का प्रथम पुष्प **अघोर पञ्चाङ्गम्** शुद्ध पाठ एवं भाषानुवाद समेत सेवार्थ प्रस्तुत करते हुए हमें अमन्द आनन्द का अनुभव हो रहा है। यह भैरव-भैरवी संवाद के रूप में रुद्रयामल तन्त्र (रुद्रयामल तन्त्रे भैरव-भैरवी संवादे अघोरपञ्चाङ्ग.....) का एक महत्त्वपूर्ण अंश है। **अघोर** अर्थात् देवादिदेव भगवान शिव का सौम्य रूप (या ते रुद्र शिवा तनूरघोराऽपापकाशिनी) भगवान शिव का एक नाम (प्राणायाम परः श्रीमान् हृदि कृत्वा महेश्वरम्। अघोरेति ततो ब्रह्मा ब्रह्म एवानुचिन्तयत्), शिव के पञ्चमुखों में से एक मुख (ईशानतत्पुरुषाघोरवामदेवसद्योजाताख्यानि पञ्च ब्रह्माणि) साधना का परम पद। पञ्चाङ्ग अर्थात् उपासना के पाँच अङ्ग– (१) पटल, (२) पूजापद्धति, (३) कवच, (४) सहस्रनाम और (५) स्तोत्र।

हिन्दू धर्मकोश के अनुसार किसी पट्ट, पत्र अथवा तख्ती पर जो तान्त्रिक मन्त्र लिखे जाते हैं, उनको **पटल** कहते हैं। समालोच्य पञ्चाङ्ग के पटल पाठ में अघोर मन्त्र का उल्लेख है। **पूजापद्धति** अर्थात् उपासना विधि। **कवच** में शस्त्र रक्षक लौहकवच के तुल्य ही शरीर के अङ्गो की रक्षात्मक प्रार्थना का विधान है। 'मलमास तत्त्व' में कहा है–

यथा शस्त्रप्रहाराणां कवचं प्रतिवारणम्।
तथा दैवोपघातानां शान्तिर्भवति वारणम् ।।

(जैसे शस्त्र के प्रहार से चर्म अथवा धातु का बना हुआ कवच (ढाल) रक्षा करता है, उसी प्रकार दैवी आघात से (यान्त्रिक शान्ति) कवच रक्षा करता है।)

सहस्रनाम, जिसमें अघोर शिव के हजार नामों का उल्लेख है। **स्तोत्र** अर्थात् देवता के स्तुति की वचनावलि। मत्स्य पुराण (अध्याय–१२१) में इसके चार प्रकार बतलाए गए हैं–

ऋचो यजूंषि सामानि तथावत् प्रतिदैवतम्।
विधिहोत्रं तथा स्तोत्रं पूर्ववत् सम्प्रवर्तते।।

द्रव्यस्तोत्रं कर्मस्तोत्रं विधिस्तोत्रं तथैव च।
तथैवाभिजनस्तोत्रं स्तोत्रमेतच्चतुष्टयम्।।

संक्षेप में, देवता के रूप में, गुण एवं कर्मादि के चिन्तन, मनन अथच देवता विषयक मन्त्र का उपदेश, यन्त्र के द्वारा उसकी संयोजना, उसका पटल, पूजा पद्धति, कवच, सहस्रनाम एवं स्तोत्र इस पञ्चाङ्ग उपासना का जिसमें विधिपूर्वक वर्णन हो वह **तन्त्र** के नाम से अभिहित है।

■ **तन्त्र**

तन्त्र शब्द 'तनु विस्तारे' धातु से निष्पन्न है। अतएव जिसके माध्यम से अध्यात्म ज्ञान एवं तत्त्वज्ञानपूर्वक आत्मप्राप्ति का विस्तार किया जाय वही 'तन्त्र' शास्त्र है।

तनोति विपुलानर्थान् तत्त्वमन्त्रसमन्वितान्।
त्राणं च कुरुते यस्मात्तन्त्रमित्यभिधीयते ।।

चूँकि तत्त्व (परोक्ष सत्ता) के साक्षात्कारार्थ मनन त्राण धर्म वाले अलौकिक विधि विधानों के सहित विपुल परमार्थ साधनों का विस्तार करता है और जिसमें निरूपित साधना द्वारा साधक का त्राण करता है इसी कारण से 'तन्त्र' कहलाता है।

तन्त्र शास्त्र शिव प्रणीत है। यह तीन भागों में विभक्त है, आगम, यामल एवं मुख्य तन्त्र। वाराही तन्त्र के अनुसार जिसमें सृष्टि, प्रलय, देवताओं की पूजा, सत्कार्यों के साधन, पुरश्चरण, षट्कर्मसाधन और चार प्रकार के ध्यान योग का वर्णन हो उसे **आगम** कहते हैं।

जिसमें सृष्टि तत्त्व, ज्योतिष, नित्य, कृत्य, क्रम, सूत्र, वर्णभेद और युगधर्म का वर्णन हो उसे **यामल** कहते हैं।

जिसमें सृष्टि, लय, मन्त्र, निर्णय, तीर्थ, आश्रम धर्म, कल्प, ज्योतिष संस्थान, व्रत कथा, शौच-अशौच, स्त्री-पुरुष लक्षण, राजधर्म, दानधर्म, युग धर्म व्यवहार तथा आध्यात्मिक नियमों का वर्णन हो, वह **मुख्य तन्त्र** कहलाता है।

तन्त्रशास्त्र की उत्पत्ति कब से हुई इसका निर्णय नहीं हो सकता। प्राचीन स्मृतियों में चौदह विद्याओं का उल्लेख है किन्तु उसमें तन्त्र गृहीत नहीं हुआ है। इनके अतिरिक्त किसी महापुराण में भी तन्त्रशास्त्र का उल्लेख नहीं है। अतएव तन्त्रशास्त्र को प्राचीनकाल में विकसित शास्त्र नहीं माना जा सकता। 'अथर्ववेदीय नृसिंहतापनीयोपनिषद्' में सबसे पहले तन्त्र का लक्षण देखने में आता है। इस उपनिषद् में मन्त्रराज नरसिंह अनुष्टुप् प्रसंग में तान्त्रिक महामन्त्र का स्पष्ट आभास सूचित हुआ है। शंकराचार्य ने भी जब उक्त उपनिषद् के भाष्य की रचना की तब निस्सन्देह वह विक्रमी आठवीं शताब्दी से पहले की है। हिन्दुओं के अनुकरण से बौद्ध तन्त्रों की रचना हुई है। विक्रम संवत् की दसवीं शताब्दी से बारहवीं शताब्दी के भीतर बहुत से बौद्ध तन्त्रों का तिब्बतीय भाषा में अनुवाद हुआ था। ऐसी दशा में मूल बौद्ध तन्त्र विक्रम संवत् की आठवीं शताब्दी के पहले और उनके आदर्श हिन्दू तन्त्र बौद्ध तन्त्रों से भी पहले प्रकटित हुए हैं, इसमें सन्देह नहीं।

तान्त्रिक गण पाँच प्रकार के आचारों में विभक्त हैं। ये श्रेष्ठता के क्रम से निम्नोक्त हैं –

वेदाचार, वैष्णवाचार, शैवाचार, दक्षिणाचार, वामाचार, सिद्धान्ताचार एवं कौलाचार।

सभी तन्त्रों ने अपनी साधना पद्धति में एक विषय को समान रूप से अङ्गीकार किया है, वह है:– **पञ्चमकार** - मद्य, माँस, मत्स्य, मुद्रा और मैथुन।

'आगमसार' के अनुसार पञ्चमकारों का सेवन करने वाला मोक्ष का अधिकारी होता है और उसका पुनर्जन्म नहीं होता–

मद्यं मांसं तथा मत्स्यं मुद्रां मैथुनमेव च।
मकार पञ्चकं कृत्वा पुनर्जन्म न विद्यते।।

अपि च

मद्यं मांसश्च मुद्रा मैथुनमेव च।
मकार पंचकप्राहुर्योगिनां मुक्तिदायकम्।।

(१) मद्य :

सहस्रार (सहस्र दल कमल) से निःसृत सोमसुधा ही मद्य है तथा उसका पान करने वाला ही मद्यप है।

सोमधारा क्षरेद् या तु ब्रह्मरन्ध्राद्र वरानने।
पीत्वा नन्दमयस्तां यः स एव मद्यसाधकः।।
यदुक्तं परमं ब्रह्म निर्विकारं निरञ्जनम्।
तस्मिन प्रमदनज्ञानं तन्मद्यं परिकीर्तितम्।।

(२) माँस :

पाप एवं पुण्य रूपी पशुओं का ज्ञान रूपी खड्ग से हनन करके अपने चित्त को जो परम तत्व में लीन कर देता है उसे माँसभक्षी कहा जाता है। इस प्रकार पाप और पुण्य रूपी फलों से मुक्त रहना ही माँस है।

माशब्दाद्रसना ज्ञेया तदंशान् रसना प्रिये।
सदा यो भक्षयेद् देवि स एव मांस साधकः।।
मां सनोति हि यत्कर्म तन्मांसं परिकीर्तितम्।
न च कायप्रतीकन्तु योगिभिर्मासमुच्यते।।

(३) मीन :

अपने मन तथा इन्द्रियों को संयमित रखकर उन्हें आत्मतत्त्व में नियोजित करने वाला साधक ही मत्स्यभक्षी है और प्राणियों में जो सुख-दुःख का समता रूपी सात्त्विक ज्ञान है, वह मत्स्य है।

गङ्गायमुनयोर्मध्ये द्वौ मत्स्यौ चरतः सदा।
तौ मत्स्यौ भक्षयेद् यस्तु स भवेन्मत्स्यसाधकः।।
मत्स्यमानं सर्वभूते सुखदुःखमिदं प्रिये।
इति यत्सात्त्विकं ज्ञानं तन्मत्स्यः परिकीर्तितः।।

(४) मुद्रा :

आशा, तृष्णा, जुगुप्सा आदि अष्ट पाशों को ब्रह्माग्नि में भस्म कर देना ही मुद्रा है। दूसरे शब्दों में असत्संग का त्याग ही मुद्रा है और जो असत्संग का परित्याग करता है उसे मुद्रासाधक कहते हैं।

सत्सङ्गेन भवेन्मुक्तिरसत्सङ्गेषु बन्धनम्।
असत्सङ्गमुद्रनं यत्तन्मुद्रा परिकीर्तिता।।

(५) मैथुन :

सहस्र दल कमल में स्थित शिव के साथ कुण्डलिनी शक्ति का महामिलन ही मैथुन है।

मैथुनं परमं तत्त्वं सृष्टिस्थित्यन्तकारणम्।
मैथुनाज्जायते सिद्धं ब्रह्मज्ञानं सुदुर्लभम्।।
कुलकुण्डलिनी शक्तिर्देहिनां देहधारिणी।
तया शिवस्य संयोगो मैथुनं परिकीर्तितम्।।

हिन्दू तन्त्र ग्रन्थ दो स्वरूप प्रकट करते हैं– एक है – दार्शनिक एवं आध्यात्मिक। दूसरा है – प्रचलित, व्यावहारिक तथा अधिक या कम ऐन्द्रजालिक, जो मन्त्रों, मुद्राओं, मण्डलों, न्यासों, चक्रों एवं यन्त्रों पर निर्भर रहता है, जो मात्र भौतिक साधन हैं जिनके द्वारा ध्यान लगाकर परम शक्ति से तादात्म्य स्थापित किया जाता है और जो भक्त को अलौकिक शक्तियाँ प्रदान करते हैं। इसका निदर्शन आदर्शभूत तन्त्र ग्रन्थों यथा : महानिर्वाणतन्त्र, शारदातिलक आदि में किया जा सकता है। महानिर्वाण तन्त्र, जिसने पञ्चमकारों को उपासना के साधन के रूप में ग्रहण किया है, के अनुसार "यदि महान तन्त्र को लोग समझ लें तो वेदों, पुराणों एवं शास्त्रों की उपयोगिता कुछ भी नहीं रह जाती।" महानिर्वाण तन्त्र के ४/३४–३७ में महत्त्वपूर्ण धारणा उपस्थित है कि परमेश्वर एक है और उसे सत्, चित् एवं आनन्द कहना चाहिए। वह अद्वितीय है, गुणातीत है और उसका परिज्ञान वेदान्त वचनों से ही प्राप्त हो सकता है। इसमें पुनः आया है कि सर्वोत्तम मन्त्र है– **ॐ सच्चिदेकं ब्रह्म** (३/१४)। जो परम ब्रह्म की उपासना करता है उसे अन्य साधना की आवश्यकता नहीं, इस मन्त्र पर आरूढ़ होकर व्यक्ति ब्रह्म हो जाता है।

■ **अघोर**

महाराज श्री कीनाराम जी की परम्परा के एक प्रमुख सन्त गुलाब चन्द 'आनन्द' का कथन है, "अघोर या अवधूत मत कोई नवीन मत नहीं हैं।

शिवजी महाराज के पाँच मुखों में से एक मुख अघोर का भी है। यह 'लिङ्ग पुराण' से सिद्ध है। उपनिषद्, रुद्री और शिव-गायत्री से भी भेष का महत्व प्रकट है। "अघोरान्नापरो मन्त्रः" यह हमारा कहा हुआ नहीं है। यह आदि काल से चला आ रहा है। महाराज कीनाराम ही ने इसको नहीं चलाया है। यह सचमुच शिव जी का चलाया हुआ है। जगद्गुरु दत्तात्रेय भगवान ने भी इसका प्रचार किया और बाद में श्री महाराज कालूराम जी और कीनाराम जी के शरीर से यह चला।"

उपलब्ध पुरातात्त्विक एवं साहित्यिक प्रमाण बाबा 'आनन्द' के उपर्युक्त कथन की पुष्टि करते हैं। भारत में अघोर मत के अस्तित्व के चिन्ह सर्वप्रथम सिन्धु घाटी की कला में देखने को मिलते हैं। मार्शल द्वारा प्रतिपादित पशुपति की मुहर पर अंकित योगी का स्वरूप अघोर साधना की सिद्धि का पहला मूर्त रूप है। सैंधव सभ्यता में लिङ्ग-योनि पूजा के बहुसंख्यक प्रमाणों से यही सिद्ध होता कि सिन्धु घाटी के नर-नारी जिस लोक धर्म के मतावलम्बी थे, वह अघोर मत ही हो सकता है। अघोर मत की वैदिक, औपनिषदिक, पौराणिक पृष्ठभूमि अत्यन्त समृद्ध है। यथा–

अघोरचक्षुरपतिध्येधि - **ऋग्वेद x. 85.44**

अघोरेण चक्षुषा मित्रियेण। गृहानौमि - **अथर्ववेद vii 60.1**

या ते रुद्र शिवा तनूरघोरापापकाशिनी - **वाजसनेयी संहिता 16.2**

अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यः .....

..... नमस्ते अस्तु रुद्ररूपेभ्यः - **तैत्तिरीय आरण्यक x. 45.1**

या ते रुद्र ..... तनूरघोरा.....

... तथानस्तनुवा ... अभिचाक .... शीहि. - **श्वेताश्वतर उपनिषद् 3.5**

अघोराः पितरः सन्तु सन्त्वित्युक्तः पुनर्द्विजः - **मत्स्य पुराण 17.53**

- **पद्म पुराण V. 9.182 / - अग्नि पुराण 117.25**

अनित्यं परतोऽघोरमनालम्बमनामयम् - **ब्रह्माण्ड पुराण i. 19-166**

विहितानि विधानानि कल्पकृद्भि पुरातनैः । अघोराणि - **लक्ष्मी तन्त्र 50.20**

अघोराशिवत्वयोगेनैव सर्वहृदयङ्गमा - **ब्रह्मसूत्र भाष्य (श्रीकण्ठ)**

भगवान शिव के पर्याय के अर्थ में

अघोराय त्वा परिददामि

प्राणायामपरः श्रीमान् हृदि कृत्वा महेश्वरम्। - **कौशिक सूत्र 56.13**

अघोरेति ततो ब्रह्मा ब्रह्म एवानुचिन्तयत्।। - **वायुपुराण i, 23.26**

ओंकारं शिवतत्त्वमघोरे इत्यत्र शक्तितत्त्वम् - **प्रत्रिमशिखा 123.3**

कथं वै दृष्टवान् ब्रह्मा ..... अघोरम् - **लिङ्ग पुराण i, 11.2**

उत्पद्यते शक्तिकला विद्याघोरसमुद्भवा - **शिव पुराण vi, 16.59**

अघोर श्रीकण्ठ शक्ति धरक्रोधत्र्यम्बक .....

..... इति पराक्रमपादुकाः - **परानन्द सूत्र**

इष्टार्थदायी भवदनभिमतच्छित्तये .....

..... स्यादघोरः - **शिल्प रत्न श्रीकुमार ii, 22.189**

घोरं भवमपहातुं केचिदघोरं प्रपद्यन्ते - **वैराग्य शतक, अप्पय दीक्षित**

पञ्चमुखी शिवः

स्यादघोरं तु दक्षिणे - **ईशानशिवगुरुदेव पद्धति**

अघोर संज्ञमावर्तित भ्रुकुटिभीषणमाननं ते।

तद्दक्षिणं पशुपतेः परमं पदं में - **नीलकण्ठ विजय**

भगवान शिव के एक रूप के अर्थ में

ईशानतत्पुरुषाघोरवामदेवसद्योजाताख्यानि

..... पञ्च ब्रह्माणि - **ललितात्रिशत भाष्य 275.12 (10)**

शिवेशानतत्पुरुषाघोरवामादिभिः

..... पञ्चभिर्हृन्मुखे :

शिवभुजङ्ग स्तोत्र 1.4, शिव पुराण (iii) - 1-39 (295B:15)

ईशानशिवगुरुदेव पद्धति (i) 28.18

शारदातिलक तन्त्र 18.5

कुलार्णव तन्त्र 4.56

मन्त्र के रूप में

प्रत्येकमष्टोत्तरशतमघोरेणैव होमयेत् - नारद संहिता 41.7

मृदमादाय ..... अघोरेण मन्त्रयेत् - मृगेन्द्र तन्त्र ii 2.7

..... अघोरं वा जपेन्मन्त्रम् - स्कन्दपुराण vii(i) 301.7

मूलमन्त्रेण संपूज्य .. अघोरेण च

..... प्रणिपत्य प्रसादयेत - ब्रह्माण्ड पुराण 57.7

अघोरेण ललाटे तु तेनैव हृदयेऽपि च - देवी भागवत पुराण xi 7.21

अघोरेणात्ममन्त्रेण विल्वकाष्ठं प्रदादयेत् - शिव पुराण (i) 18.62

अत्र सशिवाग्नेः प्रमादान्निर्वार्णासति

.... त्रिरात्र मुपोषितो अघोरं जपेत् - ईशानशिवगुरुदेव पद्धति ii, 15.3

लिङ्ग पुराण (१.१४) में अघोरोत्पत्ति का विस्तृत वर्णन है। यथा,

सूत उवाच –

ततस्तस्मिन्गते कल्पे पीतवर्णे स्वयंभुवः। पुनरन्यः प्रवृत्तस्तु कल्पो नाम्नाऽसितस्तु सः।। १।।
एकार्णवे तदा वृत्ते दिव्ये वर्षसहस्रके। स्रष्टुकामः प्रजा ब्रह्मा चिंतयामास दुःखितः ।। २।।
तस्य चिंतयमानस्य पुत्रकामस्य वै प्रभो । कृष्णः समभवद्वर्णो ध्यायतः परमेष्ठिनः ।। ३।।
अथापश्यन्महातेजाः प्रादुर्भूतं कुमारकम्। कृष्णवर्णं महावीर्यं दीप्यमानं स्वतेजसा।। ४।।
कृष्णांबरधरोष्णीषं कृष्णयज्ञोपवीतिनम्। कृष्णेन मौलिना युक्तं कृष्णस्रगनुलेपनम्।। ५।।
स तं दृष्ट्वामहात्मानमघोरं घोरविक्रमम्। ववं दे देवदेवेशमद्भुतं कृष्णपिंगलम् ।। ६।।
प्राणायामपरः श्रीमान् हृदि कृत्वा महेश्वरम्। मनसा ध्यानयुक्तेन प्रपन्नस्तुतमीश्वरम् ।। ७।।
अघोरं तु ततो ब्रह्मा ब्रह्मरूपं व्यचिंतयत्। तथा वै ध्यायमानस्य ब्रह्मणः परमेष्ठिनः ।। ८।।
प्रददौ दर्शनं देवो ह्यघोरो घोरविक्रमः। अथास्य पार्श्वतः कृष्णाः कृष्णस्रगनुलेपनाः।। ९।।
चत्वारस्तु महात्मानः संबभूवुः कुमारकाः । कृष्णः कृष्णशिखश्चैव कृष्णास्यः कृष्णवस्त्रधृक्।।१०।।
ततो वर्ष सहस्रं तु योगतः परमेश्वरम्। उपासित्वा महायोगं शिष्येभ्यः प्रददुः पुनः ।। ११।।
योगेन योग सम्पन्नाः प्रविश्य मनसा शिवम्। अमलं निर्गुणं स्थान प्रविष्टा विश्वमीश्वरम् ।।१२।।
एवमतेन योगेन येपि चान्ये मनीषिणः। चिंतयति महादेव गंतारो रुद्रमव्ययम् ।। १३।।
इति श्रीलिङ्गमहापुराणे पूर्वभागे अघोरोत्पत्तिवर्णनं नाम चतुर्दशोऽध्यायः।। १४।।

अघोर ; शब्द विन्यास :

अघोर, औघड़ अवधूत वस्तुतः ये तीनों शब्द एकार्थक हैं। महर्षि पाणिनि के अनुसार 'घुर्' धातु भीम और शब्दन (उच्चारण) अर्थ में है। उससे अच् प्रत्यय करके 'घुरति भीषयति शब्दनम् करोति सः घोरः, न घोरः इति अघोरः।' भ्वादिगण में पठित घुरी हिंसावयोहान्योः इस धातु से अच् प्रत्यय करके 'घुर्यते असौ घोरः, न घोरः इति अघोरः'। इस प्रकार दोनों धातु से व्युत्पत्ति करने पर जो कठिन, कष्टकारक, भयदायक और भीषण अर्थ का प्रयोजक न हो, वह अघोरपद प्रतिपाद्य है।

'औघड़' शब्द अघोर का अपभ्रंश है। क्योंकि अघोर शब्द के मध्य में 'घो' का ओकार उच्चारण व्यतिक्रम अथवा मुख सुखार्थ होकर 'अ' पर चला आया। 'घ' खाली हो गया अघोर ऐसा हुआ। अधिकांश जन 'र' को 'ढ़' जैसा उच्चारण करते हैं। अतः 'अघोढ़' हुआ। तदनन्तर ओकार–औकार के रूप में कालक्रम से परिवर्तित हुआ। इस प्रकार अघोर ही जन सामान्य के बीच औघड़ हो गया।

परम पूज्य बाबा अघोरेश्वर भगवान राम जी अवधूत को यों परिभाषित करते हैं : –

अ – अविनाशी

व – सर्वोत्तम

धू – विधि निषेध से परे

त – सत्–चित्–आनन्द

'अवधूत'; धूञ् कम्पने, प्रीणने–च धातु से भूतार्थ में क्त प्रत्यय करने पर धूत शब्द बनता है। जिसका अर्थ कम्पित, प्रीत, स्पन्दित, आन्दोलित, स्फुरित विस्तारितादि रूप में सिद्धान्त कौमुदी के धातु गण का अवलोकन करने पर ज्ञात होता है–

धूनोति चम्पकवनानि धुनोत्यशोकं
चूतं धुनाति धुवति स्फुटातिमुक्तम।
वायुर्बिधूनयति चम्पकपुष्परेणून्

श्लोकोक्त 'धुञ्' धातु के तत्तद् विकरण प्रत्यय करने पर असंख्य अर्थों की सम्भावना हो सकती है।

अतएव धूत अर्थात् कम्पन, स्पन्दन, गति, स्थैर्य आदि पूर्वोक्त समस्त सम्भावित अर्थो को जानकर जो बिना जाने हुए के सदृश लोकनिषिद्ध वस्तुओं से ही रमण करता हुआ, निषेध को विधि का स्थान देता हुआ, कर्तुम-कर्तुम् अन्यथाकर्तुम् समर्थ होता है वही अवधूत कहलाता है। अवधूत (अव+धूत) से औघड़ व्युत्पत्ति सम्भव है। धकार तवर्ग का चतुर्थ वर्ण है। वर्णोच्चारण विकृति फलस्वरूप ध का घ बन गया और त भी ट होकर र हो गया। यथा, औधूत–औधुत–औघर–औघड़।

■ **अघोर परम्परा**

सन्तो को परम्परा या पन्थ के खाँचे में फिट करने का दौर मध्य युग से शुरू हुआ। सन्तमत आरम्भ में संकीर्ण परिधियों से मुक्त था। किन्तु मत विशेष के प्रवर्तन के बाद सिद्धान्त प्रचार की बलवती इच्छा परम्परा के आचार्य और उसके अनुगामियों में हुई। योग्य उत्तराधिकारी की नियुक्ति द्वारा सिद्धान्त विशेष की सुरक्षा और प्रसार की सम्भावना बढ़ गई । इस लिहाज से सर्वप्रथम कबीर साहब के अनुयायियों में पन्थ निर्माण की भावना आरम्भ हुई जिसने युग विशेष को प्रभावित किया। भगवान शंकर से चला आ रहा अघोर का प्रवाह, जिसके कभी दत्तात्रेय जी महान संवाहक बने, मध्ययुग में परम्परा का रूप धारण किया। इसके प्रवर्तक के रूप में महाराज श्री बाबा कीनाराम जी विख्यात हुए।

बाबा कीनाराम जी अपनी रचना **विवेकसार** में इसका उल्लेख करते हुए कहते हैं –

दत्तात्रय मोहि कहं मिले शिव सिद्धेश्वर जान।

बाबा कीनाराम जी ने **विवेकसार** में अपने गुरु के उपदेश को अवधूत मत कहा है –

यह संसार असार अति पाँच भूत को वारि।
तातें यह अवधूत मत विरच्यों स्वमति विचारि।।

महाराज श्री कीनाराम जी एक दार्शनिक औघड़ थे। **विवेकसार** में अपने स्वरूप को स्पष्ट करते हुए वे कहते हैं–

"मैं ही जीव हूँ, मैं ही ब्रह्म हूँ, मैं ही अकारण निर्मित जगत हूँ। मैं ही निरञ्जन हूँ और मैं ही विकराल काल हूँ। मैं ही जन्मता हूँ और मरता हूँ। पर्वत और आकाश मैं हूँ। ब्रह्मा, विष्णु, महेश भी मैं हूँ। सुमन और उसका वास, तिल और उसका तेल मैं हूँ। बंधन, मुक्ति, अमृत, हलाहल, ज्ञान-अज्ञान, ध्यान ज्योति मैं हूँ।"

इस प्रकार बाबा कीनाराम हर अच्छे-बुरे में मौजूद हैं। आस्तिकवादी दर्शन को बाबा की यह महत्त्वपूर्ण देन है।

महाराज श्री कीनाराम जी की प्रमुख रचनाएँ है – **विवेकसार, उन्मुनि राम** व **रामगीता, राम रसाल**।

■ **अघोर मत का परवर्ती स्वरूप :**

अघोर परम्परा के बीसवीं सदी के महान अघोर सन्त **पूज्यपाद बाबा अघोरेश्वर भगवान राम जी** ने 'श्री सर्वेश्वरी समूह' नामक संस्था का गठन करके अघोर-मत को एक नया आयाम दिया। अघोर-मत के दार्शनिक और व्यावहारिक दोनों पक्षों में नयी मान्यताओं की स्थापना की। उन्होंने अघोर साधना को शमशान से लाकर आश्रम में प्रतिष्ठित किया। मानवीय घृणा के प्रतिरूपों मल, माँस और मूत्रादि के स्थान पर कुष्ठ आदि रोगों के प्रतिमान उन्होंने स्थापित किये। घृणास्पद वस्तुओं को अपनाने का अर्थ मलमूत्र का भक्षण नहीं अपितु कुष्ठ रोगियों की सेवा भी हो सकती है। पूज्य-पाद द्वारा स्थापित कुष्ठ सेवा आश्रम जिसका आज समूचे संसार में कोई सानी नहीं है। मदिरा आदि मादक द्रव्यों का परिहार और सदाचारपूर्ण जीवन की स्थापना के प्रयत्नों के साथ अघोर-मत में एक नये युग का सूत्रपात हुआ। आपने अघोर-मत को एक 'वैज्ञानिक टेम्पर' दिया। अघोर तन्त्र के नाम पर चल रहे तमाम कुकृत्यों की पुरजोर खिलाफत की आपने। यथा – औघड़ साधु तन्त्र-मन्त्र, जादू-टोना आदि धूर्तताओं से जनता की आँख में धूल नहीं झोंकता है। अपने को गर्त में नहीं डालता है, जादू-टोना में विश्वास नहीं करता है और न दूसरों को उसकी ओर प्रोत्साहित करने वाला होता है।

इसके विपरीत करने वाला हो तो उसकी समाधि, योग-क्षेम बहती हुई नदी के वेग की तरह बह जाता है, उसका चित्त दूषित हो जाता है। वह नट की तरह दर-दर घूमकर, जोग-टोना दिखाकर उदर पालन करता है। दर-दर घूमने पर भी उसे रोटी नहीं मिलती। वह सत्संग से औघड़ के विचार से वंचित काया, औघड़ नहीं हो सकता है। श्वान की तरह दर-दर घूमकर, किसी के द्वार का रखवाला बनकर, उदर के निमित्त, अपने जीवन को दूषित करता है। जो औघड़-साधु सत्संग किये होता है, सज्जन का संग किये होता है, साधु की सभा में बैठा हुआ होता है, अघोरेश्वर का अनुगमन किये होता है, अघोरेश्वर के मापदण्ड से तौला होता है, जादू-टोना, तन्त्र-मन्त्र में विश्वास नहीं करता, वहीं औघड़ होता है।

'अघोर' को परिभाषित करते हुए **पूज्यपाद अघोरेश्वर भगवान राम जी** कहते हैं –

''जो घोर न हों, कठिन न हो, कड़ुवा न हो उसे 'अघोर' कहते हैं। अघोर सुगम पथ है। इसका अनुगमन स्वभाव की मन्थर गति से होता है। पापों का पक्ष, तापों की गति जहाँ न हो वहीं अघोर है। हम घर व बाहर सुगम उपायों को ढूँढ़ते हैं। वह क्या है ? वह अघोर है। यह पावन–पथ है, इसमें जीवन का रस निहित है, ये मर्मीली बातें हैं समझने पर ही मिलती हैं। यह आनन्द–संग्रह का सब रस है। इसे निःसंकोच पाया जा सकता है। भटकते हुए मानवों के कृतसंकल्प को यह पुराता है। यह शिव है, यह गूँगों का रस है। इसे पाने के लिए दृष्टि–भेद छोड़ना होगा। यह न पृथक है न अपना है। जगतमिथ्या या सपना नहीं होता। ब्रह्म सत्य है तो ब्रह्म की सृष्टि भी सत्य है। जिन बीजों से पौधे उगते हैं यदि वह सत्य है तो पौधे उससे अलग नहीं। अतः वह सत्य है और उसका जगत सत्य है। यह विचार भी सत्य है। अपने को तृप्त करने के लिए जब सुमन-सा प्रसन्न मन का गौरवमय पर्णों से हार गूँथोगे तो यह हार हृदय का स्वागत करेगा। अपरिपक्व ज्ञान का त्याग करके जो पूरन है उसके पथ पर साधकों को चलना है। अनन्त आनन्द प्राप्त करने के लिए मन-विचार के क्रन्दन को अनसुनी करना होगा। तब शान्त-हृदय होकर साधक त्रितापों को काटकर

सुख-समृद्धि के घेरे में विश्राम पाता है। जन-समूह के गौरव को उन्नतिशील बनाना साधना का लक्ष्य है। साधु-पथ इससे भिन्न कुछ नहीं है, परन्तु समझने पर ही वह दिखता है और सभी गुण दिखलाने लगते हैं, यह अविचल सत्य है।''

परम पूज्य अघोरेश्वर अघोर परम्परा के विकास क्रम को इस प्रकार व्यक्त करते हैं – ''जहाँ से अघोर भैरवाचार्य रुक गये थे वहीं से अघोरेश्वर कीनाराम ले के चले। ..... वह अवधूतों का ज्ञान अभिव्यक्त किया हुआ, हजारों वर्षों तक उदाहरण के रूप में रहेगा। ..... औघड़-महात्माओं की बहुत सी कहानियाँ केवल जनश्रुतियों में है। इन लोगों के फक्कड़ स्वभाव के कारण इनकी कहानियों का समय तथा कालबद्ध संग्रह नहीं हो सका और ये लिपिबद्ध नहीं हो सकीं.....''

अन्त में, प्रस्तुत **अघोर पञ्चाङ्गम्** अघोर तन्त्र वाङ्मय का भाषानुवाद सहित प्रकाशित होने वाला प्रथम ग्रन्थ है जो **पूज्यपाद बाबा गुरुपद संभव राम जी** के सम्यक् निर्देशन एवं आशीर्वाद से ही सम्भव हो पा रहा है। काफी कम समय में ही यह ग्रन्थ आप तक पहुँच रहा है, लिहाजा त्रुटि अपेक्षित है। सुझाव आमन्त्रित है।

अशोक कुमार

शोध सहायक

अघोर शोध संस्थान एवं ग्रन्थालय

अघोर परिषद ट्रस्ट, वाराणसी

पानांचत्रिलोकानांमहापुष्टि:प्रजायते
नाविधिनासम्यक्शक्तिपूजांचरेन्नर:
स्त:समासीन:शक्तिपूजापरायण:

स्वविवाहदिनेदेविकामान्तुसायकोनमः यथो
त्सोत्सवेमहानंदेजपेन्मन्त्रायुतंशिवे शक्तिच
होमेरजस्वलारक्तासिक्तकार्परखंडके: घृतपाय

अघोरपटल:

अघोरपटलः

ॐ स्वस्ति[1]। श्री गणेशाय नमः। श्री शिवाय[2] नमः।

ॐ हिमाद्रिशिखरासीनमीशानं पार्वतीपतिम्।
त्रिशूलखट्वाङ्गधरं कपालास्थिविभीषणम् ।। १।।

गणगन्धर्वसिद्धौघैः सेवितं त्रिपुरान्तकम् ।
स्कन्दैकदन्तसहितं विकसद्वदनाम्बुजम् ।। २।।

गुणातीतं चिदाकारं सदसत्पदराजितम् ।
पार्वती विनता भूत्वा पप्रच्छ परमेश्वरम् ।। ३।।

श्री पार्वत्युवाच

भगवन्सर्वलोकेश सर्वभूतदयानिधे।
सर्वतत्त्वैकनिलयप्रलयोत्पत्तिकारक[3] ।। ४।।

---

१. ख - इदं नास्ति।
२. ख - इदं नास्ति
३. ख - कारकः

महादेव महारुद्र महागुण विभूषण[४]।
महद्रूप महेशान महाहीनोपवीतक[५] ।। ५।।

महेश मदनध्वंसिन्महासेनवरप्रद।
त्वमेव वरदो नित्यं देवानामपि सर्वदा ।। ६।।

त्वमेव त्रिजगन्नाथस्त्वं सूर्यस्त्वं शशी शिवः।
त्वं वह्निस्त्वं सदावायुस्त्वं जलं त्वं वसुन्धरा ।।७।।

त्वमाकाशो महाकारस्त्वमेव परमा गतिः।
त्वदृतेऽन्यं[६] न पश्यामि त्रातरं तरणप्लवम् ।।८।।

भगवन्मे प्रसीद त्वं वरं देव प्रयच्छ मे।
अघोरस्य पुरा दिव्यमुचितं पटलं वद ।। ९।।

येन सम्यक् श्रुतेनैव साधकस्तत्पदं व्रजेत्।
सारात्सारतरं ब्रूहि चेदस्ति मयि ते दया।। १०।।

भैरव उवाच :

शृणु देवि प्रवक्ष्यामि पटलं देवदुर्लभम्।
अघोरस्य महामन्त्रं यन्त्रं सर्वस्व निश्चितम् ।। ११।।

अघोरो यः परो देवस्त्रिजगत्प्रभुरीश्वरः।
भैरवो भैरवाकारो निर्गुणो विश्वकारणम् ।। १२।।

तेनेदं सृज्यते विश्वं तेनेदं परिपाल्यते[७]।
तथा संह्रियते चान्ते त्रैलोक्योद्धरणक्षमः[८] ।। १३।।

---

४. ख - विभूषणः
५. ख - महाहीनोपवीतकः
६. क - त्वदृतेन्यै, ख - त्वद्दत्यन्यं
७. क एवं ख - यदिपाल्यते
८. क - त्रैलोक्ये

तस्याहं पटलं देवि पद्धतिं कवचं शुभम्।
मन्त्रं नामसहस्रं च स्तोत्रं मन्त्रमयं शिवे।। १४।।

तव प्रीत्या प्रवक्ष्यामि मन्त्रोद्धारं वरानने।
यन्त्रोद्धारं लयाङ्गं च प्रयोगांश्च दशैव तु।
श्रुत्वा गोप्यं प्रयत्नेन पञ्चाङ्गं देवि दुर्लभम्।। १५।।

अथ मन्त्रोद्धारः

ॐ मात्रादिः षडभिज्ञ वह्निकुलिशास्तस्माद्वलं भारजिद्
वह्नि वज्र करोत्तमाग्नियुगलं रात्राग्नि वज्रांकितम्।
संकोचौर्वतमै शुभौ वकयुतौ शक्त्योर्ववज्राश्मका
रत्यंद्धीन्द्रिय सिन्धुमत्स्यकुलिशा मन्त्रोऽयमाघोरिकः।।

।। इति मन्त्रोद्धारः।।

प्रकाशं -

अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो घोरघोरतरेभ्यः।
सर्वतः सर्वसर्वेभ्यो नमस्ते रुद्ररूपेभ्यः।।

नास्य विघ्नो न वा क्लेशो न विपर्ययभीस्तथा।
न मोहो न च दारिद्र्यं न च दीक्षादिसंग्रहः।
सिद्धसाध्यविचारोऽपि वैरिपक्षभयं न हि।।१६।।

साक्षादमृतरूपोऽयमणिमाद्यष्टसिद्धयः।
दीक्षिताय कुलीनाय तन्त्रमन्त्रार्थसंविदे।।१७।।

अष्टकीलविदे मन्त्रसञ्जीवन विदे परम्।
अघोरस्य मनुर्देवि कीलैरष्टभिराश्रितः।।१८।।

मन्त्रकीलनमाचारं मन्त्रसंजीवनं परम्।
सम्पुटं च प्रवक्ष्यामि गोपनीयं प्रयत्नतः।।१६।।

वज्रस्य पञ्चभिर्वीर्यैर्विश्वराडक्षरैस्तथा।
कीलितोऽयं महामन्त्रः सर्वैश्वर्यप्रदायकः।।२०।।

सूतोऽयमौर्ववीजैश्च विश्ववीर्यत्रयेण च।
एतेषां साधनं वक्ष्ये शृणु देवि यथाक्रमं।।२१।।

आदावक्षादि वज्रान्तं दद्यान्मन्त्रोपरि प्रिये।
अयमुत्कीलनो मन्त्रो मन्त्रं[६] सञ्जीवनं शृणु।।२२।।

विश्वबीजादि वज्रान्तमादौ दद्यात्सुरेश्वरि।
तत्पदे प्रोच्चरेदादि बीजवज्रान्तमीश्वरि।।२३।।

अस्यायं मन्त्रराजस्य प्रोक्तः सञ्जीवनो मनुः।
सिद्धमन्त्रस्य जप्त्वेदं सम्पुटस्य मनुं शृणु।।२४।।

बिलादि वज्रवीजान्तमन्ते दद्यात्सुरेश्वरि।
सम्पुटस्यास्य मन्त्रोऽयं गोप्तव्यः पशुसन्निधौ।।२५।।

प्रकाशं

रुद्ररूपेभ्यो अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो
घोरघोरतरेभ्यः सर्वतः सर्वसर्वेभ्यो नमस्ते।
।। इत्युत्कीलन मन्त्रः।।

सर्वतः सर्वसर्वेभ्यो घोरघोरतरेभ्यः
अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो नमस्ते रुद्ररूपेभ्यः।
।। इति सिद्ध मन्त्रः।।

---

६. क - मंजं

अघोरेभ्यो घोरघोरतरेभ्यः सर्वतः
सर्वसर्वेभ्यो नमस्ते रुद्ररूपेभ्योऽथ घोरेभ्यः।
।। इति सम्पुट मन्त्रः।।

एवं जपेन्महादेवि दीक्षितः साधकोत्तमः।
वर्णलक्षावधिं देवि पुरश्चरणमाचरेत्।।२६।।

जीवहीनो यथा देही सर्वकर्मसु न क्षमः।
पुरश्चरणहीनो हि न मन्त्रो फलदायकः।।२७।।

गृहेऽर्द्धरात्रे मध्याह्ने शून्यागारे चतुष्पथे।
वटे श्मशानेऽरण्ये वा पुरश्चर्या चरेत्सुधीः।।२८।।

भूकम्पे पूजयेद्देवं जपेन्मन्त्रं तथायुतम्।
वर्णलक्षजपस्यापि फलं प्राप्नोति साधकः।।२९।।

सुदिने सुग्रहे स्वच्छे पूजयेत्स्वच्छमादरात्।
जपेन्मन्त्रायुतं सम्यक् पूजा कोटिफलं लभेत्।।३०।।

यन्त्रोद्धारं प्रवक्ष्यामि सर्वतन्त्रेषु गोपितम्।
सर्वसिद्धिप्रदं यन्त्रं सर्वाशापरिपूरकम्।।३१।।

अथ यन्त्रोद्धारः

त्रिकोणं सबिन्दुं शरारं सनागं तथा नागपत्रं सुवृत्त कलास्थम्[१०]।
चतुर्भूगृहोद्भासितं वह्निरेखं सदोद्योततेऽघोरदेवस्य यन्त्रम् ।।

इति यन्त्रोद्धारः

अघोरस्यास्य मन्त्रस्य महाकालोऽथ भैरवः।
ऋषि उष्णिक् तथा छन्दः श्रीमत्कालाग्निरुद्रकः ।। ३२।।

---

१०. ख - कलास्यम

अघोर देवता देविवीर्य कर्णः समीरितः।
श्रुति बीजं तथा शक्तिः श्रवणं कीलनं तथा।।
अणिमाद्यष्टसिद्ध्यर्थ विनियोगः प्रकीर्त्तितः।।३३।।

अस्य श्रीमदघोरमन्त्रस्य श्री कालाग्निरुद्रमहाकालवामदेव ऋषयः। त्रिष्टुप्-पंक्ति-अनुष्टुप् छन्दासि श्रीमदघोरभैरवो देवता अणिमाद्यष्टसिद्ध्यर्थमघोरजपे विनियोगः।

लयाङ्गं शृणु देवेशि सकलागमनिश्चितम्।
येन श्रवणमात्रेण पुरश्चर्याफलं लभेत्।।३४।।

इन्द्रो वह्नि धर्मराजो निर्ऋतिर्वरुणोऽनिलः।
कुवेर ईश इत्यासां पतयो द्वारपालकाः।।३५।।

दिक्पाला दिक्षु सम्पूज्य विदिगीशा विदिक्षु च।
दक्षिणावर्त्तकेनार्चां चरेत्साधकसत्तमः।।३६।।

उर्ध्वे गणपतिः पूज्यो वटुकोऽधः[११] प्रयत्नतः।
पूर्वपश्चिमयोर्देवि साधकैर्मन्त्रसाधकैः।।३७।।

नन्दी च भृङ्गिरीटी च दक्षिणोत्तरयोस्तथा।
देवेशि विधिवद् वक्ष्ये शृणुष्व अष्टदलार्चनम्।।३८।।

नन्दिवीरेश-सौभाग्य-भृङ्गिरीटि विराटकाः।
पुष्पदन्तविकेतान्त्य चित्त लोहित सुन्दकाः।।३९।।

त्रिपुरारिथि विचारोग्ररूप स्वप्न विनर्त्तकाः।
गणाः षोडश[१२] सम्पूज्याः षोडशारेषु सुन्दरि।।४०।।

---

११. क - वज्रक्रोधः

१२. क - शोडश

अद्याष्टदलपूजां तु प्रवक्ष्यामि वरानने।
यां विधायार्द्धरात्रे तु सद्यः सिद्धिमवाप्नुयात्।।४१।।

महाकालश्च कालाग्निः संहारो रुद्रभैरवः।
उन्मत्तः समरानन्दः करालो विकरालकः।।४२।।

पूज्या अष्टारकेष्वेव साधकैरष्टभैरवाः।
अष्ट कोणार्चनं वक्ष्ये शृणु पर्वतनन्दिनी।।४३।।

ब्रह्माद्या मातरः पूज्या अष्टकोणेषु साधकैः।
ब्राह्मी नारायणी चैव कौमारी चापराजिता।।४४।।

माहेश्वरी च चामुण्डा वाराही नारसिंहिका।
वामावर्त्तेन सम्पूज्य एता अन्ये च सव्यतः।।४५।।

पञ्चकोणं महादेवि प्रसन्नमुखपङ्कजम्।
हयास्यमुष्ट्रवक्त्रं च वह्निवक्त्रं वरानने।।४६।।

व्यालास्यं[१३] मकरास्यं[१४] च पूजनीयं प्रयत्नतः।
सव्यावर्त्तं क्रमेणैव दूर्वाङ्कुरचयैः[१५] शिवे।।४७।।

त्रिकोणे पूजयेद्देवि नदीस्तिस्त्रो विशेषतः।
गङ्गा च यमुनां चैव पूर्वा आदौ सरस्वतीम्।।४८।।

वामदेवं महादेवं सद्योजातं सदाशिवं।
बलप्रमथनं शर्वं तथा विकरणं वलम्।।४९।।

छिन्दौ[१६] सम्पूजयेद्देवमघोरं मन्त्रनायकम्।
ततः सम्पूजयेद्देवि ईशानं रुद्रमर्चयेत्।।५०।।

---

१३. क - व्यालास्ये
१४. क - मकरास्ये
१५. क - धूर्वाकुर
१६. क - विंदौ

तत्पुरुषादि गायत्री सावित्री भारती तथा।
एतल्लयाङ्ग[१७] त्रिविधं त्रिषु तन्त्रेषु गोपितम्।।५१।।

ध्यानमस्य प्रवक्ष्यामि यथा ध्यात्वा जपेन्नरः।
त्रिविधं त्रिगुणकं च रजः सत्त्वतमोमयम्।।५२।।

अथ ध्यानम्

श्री चन्द्रमण्डल गताम्बुज पीठ[१८] मध्ये देवं सुधाम्रविणमिन्दुकलावतंसम्।
मुद्राक्षसूत्रं कलशामृतपद्महस्तं देवं भजामि हृदये भुवनैकनाथम्।।

इति ध्यानम्

स्वनाभौ भैरवं ध्यायेछुक्लं विकसितं सितम्।
तन्मध्ये तु रजःसत्त्वतमोरूपं विभावयेत्।।५३।।

तस्य मध्ये तु तं देवं सूर्यकोटिसमप्रभम्।
अष्टादशभुजं दिव्यं रजोगुणविभूषितम्।।५४।।

वालार्कमण्डलाकारं लोचनत्रयभूषितम्।
मुद्राक्षसूत्रवलयं प्रासशूलगदाधरम्।।५५।।

कुन्तखड्गं चैव पाशपट्टिसधारणम्।
शक्तितोमरनाराच चर्म खट्वाङ्गभूषितम्।।५६।।

सुधाकलशवक्राङ्गं वराभयकराम्बुजम्।
दिगम्बरं वक्रकेशं पिङ्गकेशं जटाधरम्।।५७।।

अष्टाभिर्मातृभिर्युक्तं गणगन्धर्वसेवितम्।
महामन्त्रात्मकं देवमघोरं मन्त्रनायकम्।
''चेतसि स्मरेदिति ध्यानम्''।।५८।।

---

१७. ख - एतद्त्रयांगं १८. क - पीत

प्रयोगान् शृणु देवेशि दशतन्त्रेषु गोपितम्।
येन सम्यग्विधानेन जीवन्मुक्तिर्भविष्यति।।५६।।

स्तम्भनं मोहनं चैव मारणं कर्षणं तथा।
वशीकरं तथोच्चाटं शान्तिकं पौष्टिकं तथा।।६०।।

सन्तानिकं मौक्तिकं च प्रयोगा दश कीर्तिता।
एतेषां साधनं वक्ष्ये यथावच्छृणु पार्वति।।६१।।

विधाय विधिवत्पूजां तत्त्वेनाघोर भैरवी।
गत्वार्द्धरात्रे विधिना स्नानं कृत्वा नदी तटे।।६२।।

वने चतुष्पथे वापि साधको विजितेन्द्रियः।
आसने साधनं कृत्वा वटमूले महेश्वरि।।६३।।

देवं सम्पूज्य स्वे यन्त्रे पठेत्कवचमादरात्।
मन्त्रं नामसहस्रं तु मंत्र स्तोत्रं च पार्वति।।६४।।

मूलं[१६] निष्कीलकं कृत्वा पठेदयुतसंख्यया।
होमो दशांशतः कार्यः सर्पिगोधूमचूर्णकैः।।६५।।

नीलसूत्रेण पुष्पैश्च श्वेतैर्नीलैस्तथा शिवे।
रजस्वलासृगकेन कर्पटेन विशेषतः।
तर्पयित्वा[२०] दशांशेन मार्जयित्वा दशांशतः[२१]।।६६।।

सम्भोज्य विधिवद् विप्रान्भस्मना तिलकं चरेत्।
स्तम्भनं जायते शीघ्रं रविचन्द्रादिपाथसाम्।।६७।।

रिपुसैन्यादिदस्यूनां कामिनां स्तम्भनं भवेत्।
कुग्रहे कुदिने रात्रौ शक्तिं सम्पूज्य साधकः।।६८।।

---

१६. क - श्रृलं
२०. ख - दर्पयित्वा
२१. क - दशांदतः

अन्यां वा स्वां महादेवि शक्तिं पूज्या विधानतः।
तथैव सुरतं कृत्वा ध्यात्वाघोरं सुरेश्वरम्।।६६।।

नदीतटे तथोद्याने[२२] ततस्थो विष्टरासनः।
अयुतं तु जपेन्मूलं होमः पायस सर्पिषा।।७०।।

तेन रेतोत्थकल्केन भस्मना तिलकं चरेत्।
मोहयेदखिलांल्लोकां मोहयेदपि केशवं।
मोहयेदपि ब्रह्माणं किं पुनः क्षुद्रमानुषान्[२३]।।७१।।

कृत्तिकाद्यन्तचरणे गत्वा शून्याटवीं शिवे।
संपूज्य विविधैः मन्त्रैः देवं सपरिवारकं।
शत्रुनाम्ना च संकल्प्य जपेन्मूलं तथायुतम्।।७२।।

होमः काकपलेनैव सर्पिषा सर्षपैस्तथा[२४]।
सद्य एव रिपुं देवि मारयेन्नात्र संशयः।।७३।।

शुभेऽह्नि देवि मध्याह्ने पूजयेद्देवमीश्वरम्।
जपेन्मूलं दिक्सहस्रं होमयेत्कुसमानि च।।७४।।

सर्पिषानाथ क्षौद्रेण कुंकुमं माहिष पलं।
आकर्षयेत् देवकन्याः स्वर्गस्था अपि सुन्दरीः।।७५।।

सुदिने देवि मध्याह्ने गत्वोपवनमण्डलम्।
सुवृक्षस्य तले देवि पूजयित्वा महेश्वरम्।।७६।।

जप्त्वा मूलायुतं देवि होमं कृत्वा विधानतः।
जातीफलैश्च दध्ना च सर्पिषा कुसुमैस्तथा।।७७।।

---

२२. क - तथाध्याने
२३. क - मानुषाः
२४. क - सर्पिषैस्त्था

शर्कराक्षौद्रमिश्रेण तर्पयित्वा दशांशतः।
इन्द्रोऽपि वशतामेति के वराका इमे नृपाः।।७८।।

शनौ रात्र्यवसाने तु स्नात्वा कर्मादिकं चरेत्।
अश्वत्थस्य तले देवं पूजयेच्छिवसुन्दरि।।७९।।

भूमौ यन्त्रं लिखेन्मन्त्रैर्वर्णैः संवेष्टयेत्ततः।
मूलेन पूजयेत् यन्त्रं जपेन्मूलं तथायुतम्।।८०।।

होमः सर्पियवैर्मत्स्यैः शृगालपलसर्षपैः।
कर्मणा मनसा वाचा रिपुमुच्चाटयेद् ध्रुवम् ।।८१।।

सुपर्वदिवसे सायं चन्द्रं दृष्टोदितं शिवे।
फट्कारेण दिशो बद्धा विधायासनशोधनम् ।।८२।।

जप्त्वा मूलायुतं मन्त्री होमः सर्पिःकचैर्नखैः।
मनुष्याणां तथान्त्रैश्च विडालस्य महेश्वरि।।८३।।

ग्रहाणामतिवृष्टेश्च मारीभीतेर्महेश्वरि।
दुर्भिक्षकाले देवेशि सद्यः शान्तिर्भविष्यति।।८४।।

स्वजन्मदिवसे जन्मकालावसरके तथा।
सम्पूज्य विधिना देवं जपेन्मन्त्रायुतं शनैः।।८५।।

होमयेत् घृतक्षीरादि पायसामलकत्वचः[२५]।
नृमांसमत्स्यखण्डानि तथान्त्राण्युष्ट्रकस्य च।
देवानां च त्रिलोकानां महापुष्टिः प्रजायते।।८६।।

स्वविवाहदिने देवि कामात्तु साधकोत्तमः।
यथोक्तविधिना सम्यक् शक्तिपूजां चरेत्ततः।।८७।।

---

२५. क - पायासा

रतोत्सवे महानन्दे जपेन्मन्त्रायुतं शिवे।
शक्तिवक्षःसमासीनः शक्तिपूजापरायणः।।८८।।

होमे रजस्वलारक्तसिक्तकर्पटखण्डकैः।
घृतपायसमृद्वीका शर्करादिप्रसूनकैः।
वन्ध्या च मृतवत्सापि लभते सन्ततिं शुभाम्।।८९।।

तिष्येवकृकरसोत्पन्ने मध्याह्ने वार्द्धरात्रके।
शून्यागारं समागत्य श्मशानं वा महेश्वरि।।९०।।

यथोक्तपूजया देवि पूजयित्वा सशक्तिकं।
जपेन्मूलायुतं देवि होमयेद् घृतपायसं।।९१।।

अथोपहारयेद् देवि मीनकंठकममासृजम्[२६]।
स्त्रीगर्भो निगडैर्बद्धो[२७] योगी रोगी सरीसृपः।
मुक्तिमेष्यति देवि त्वं सत्यं जानीहि मद्वचः।।९२।।

एते प्रयोगाः सकलाः साध्याः साधकसत्तमैः।
गोपनीया विशेषेण रक्षायै स्वात्मनः प्रिये[२८]।।९३।।

इतीदं पटलं गुह्यं तन्त्रमंत्राम्बुधिप्लवं।
गुह्यसर्वस्वमीशस्य गोपनीयं प्रयत्नतः।।९४।।

इति श्री रुद्रयामलतन्त्रेऽघोरसहस्राख्ये कल्पेऽघोर
पटलाख्यं नाम प्रथम पटलः।।
।। श्री अघोरभैरवाय नमः।।

---

२६. क - सृजसू
२७. क - निगडेर्बद्धो
२८. क - श्रिये

अघोर पटल

ॐ स्वस्ति। श्री गणेशाय नमः। श्री शिवाय नमः।

पार्वती ने विभ्रम होकर हिमालय के शिखर पर आसीन, भवानी पति ईश्वर, त्रिशूल एवं खट्वाङ्ग धारण करने वाले, कपाल एवं अस्थिमाला धारण करने से भयंकर, गणों, गन्धर्वो एवं सिद्ध समूहों के द्वारा सेवित, त्रिपुर का अन्त करने वाले, कार्तिकेय एवं गणेश से युक्त, विकसित मुख कमल वाले, गुणातीत, चिदाकर, सत् और असत् पदों को सुशोभित करने वाले, परमेश्वर शंकर से पूछा।। १, २, ३।।

श्री पार्वती उवाच

हे भगवन् ! समस्त लोकों के स्वामी ! समस्त प्राणियों के दयानिधि ! समस्त सांसारिक तत्त्वों के एकमात्र निलय, प्रलय एवं उत्पत्ति करने वाले ! महादेव ! महारुद्र ! महान् गुणों से विभूषित ! महान् रूप वाले ! महेश्वर ! महान सर्प को उपवीत की तरह धारण करने वाले ! महेश ! कामदेव का नाश करने वाले ! महासेन (कार्तिकेय) को वर प्रदान करने वाले ! तुम्हीं देवताओं को नित्य सदा वर प्रदान करने वाले हो।। ४, ५, ६।।

तुम्हीं तीनों लोकों के स्वामी हो, तुम्हीं सूर्य हो, तुम्हीं चन्द्र हो, तुम्हीं शिव हो, तुम्हीं अग्नि हो, तुम्हीं वायु हो, तुम्हीं जल हो, तुम्हीं पृथ्वी हो।। ७।।

तुम्हीं महान् आकाश हो, तुम्हीं परम गति हो, तुम्हारे अतिरिक्त मैं किसी को इस संसार सागर से पार कराने वाला नहीं देखती हूँ।। ८।।

हे भगवन् ! तुम मेरे ऊपर कृपा करो। हे देव ! मुझे वर प्रदान करो। अघोर तन्त्र के पुरातन, दिव्य एवं उचित पटल को मुझे बताइए।। ६।।

जिसके सम्यक् श्रवण मात्र से ही साधक उस पद को प्राप्त कर लेता है, यदि मेरे ऊपर दयावान हो तो उसके सार से भी सारतर अंश को हमसे कहिए।। १०।।

भैरव उवाच

हे देवि ! मैं देवताओं के लिए भी दुर्लभ अघोर का महामन्त्र एवं समस्त समृद्धियों का सुनिश्चित यन्त्र "पटल" कह रहा हूँ। उसे सुनो।। ११।।

जो अघोर नामक श्रेष्ठ देवता हैं, तीनों लोकों के स्वामी हैं, ऐश्वर्यवान् हैं, भैरव हैं, भयंकर आकार वाले हैं, गुणातीत हैं एवं समस्त सृष्टि के कारणभूत हैं, उनके द्वारा इस विश्व का सृजन किया जाता है, उन्हीं के द्वारा इस सृष्टि का पालन किया जाता है तथा अन्त में इस सृष्टि का संहार किया जाता है, वे तीनों लोकों का उद्धार करने में समर्थ हैं।। १२, १३।।

हे पार्वती देवि ! मैं उनके पटल, पद्धति, शुभ कवच, नाम सहस्रात्मक मन्त्र और मन्त्रमय स्तोत्र को तथा हे सुमुखि ! तुम्हारी प्रीति के कारण मैं मन्त्रोद्धार, यन्त्रोद्धार, लयाङ्ग और दस प्रयोगों को कहता हूँ। हे देवि ! इस दुर्लभ पञ्चाङ्ग को सुनकर प्रयत्नपूर्वक इसकी रक्षा करनी चाहिए।। १४,१५।।

अथ मन्त्रोद्धारः

ॐ मात्रादिः षडभिज्ञ वह्निकुलिशास्तस्माद्वलंभारजिद्
वह्नि वज्र करोत्तमाग्नियुगलं रात्राग्नि वज्रांकितम्।
संकोचौर्वतमै शुभौ वकयुतौ शक्त्यौर्वज्राश्मका
रत्यद्वीन्द्रिय सिन्धुमत्स्यकुलिशा मन्त्रोऽयामाघोरिकः ।।१६।।

।। इति मन्त्रोद्धारः।।

प्रकाश

अघोर, घोर, घोर से घोरतर, समस्त तत्त्वों के सर्वस्व (सब की आत्मा) उस रुद्र रूप को सब ओर से नमस्कार।।

इसके उपासक को विघ्न, कष्ट, विरोध, भय, मोह, दरिद्रता आदि का भय नहीं रहता और उसे दीक्षा की भी आवश्यकता नहीं है। यहाँ न सिद्ध और साध्य का विचार और न हीं शत्रु पक्ष का भय है।। १६।।

यह साक्षात् अमृत स्वरूप अणिमादि अष्ट सिद्धियों को देने वाला है। सम्प्रदाय में दीक्षित कुलीन और तन्त्र, मन्त्र के मर्मज्ञ को ही यह दिया जाय।। १७।।

अष्ट विधि कीलन, उत्तम सञ्जीवन मन्त्र को जानने वाले हे देवि ! अघोर मन्त्र आठ कीलों से कीलित है।। १८।।

प्रयत्नपूर्वक गोपनीय मन्त्र कीलन, आचार, उत्तम सञ्जीवन मन्त्र और सम्पुटविधि प्रकाशित करता हूँ।। १९।।

सभी ऐश्वर्य को देने वाला यह महामन्त्र कीलित है जिसमें वज्र के पाँच बीज और विश्वराट् अक्षर हैं।। २०।।

हे देवि ! तीन विश्व बीज और पार्थिव बीज से उत्पन्न इस उत्तम मन्त्र की साधना विधि सुनें।। २१।।

हे प्रिये ! मन्त्र के आदि में अक्ष से वज्र तक बीजों का प्रयोग करें। यह उत्कीलन मन्त्र है। अब सञ्जीवन मन्त्र सुनें।। २२।।

हे सुरेश्वरि ! प्रारम्भ में वज्रान्त का प्रयोग करना चाहिए। हे ईश्वरि ! उस मन्त्र में आदि बीज से वज्रान्त तक मन्त्रोद्धार करना चाहिए।। २३।।

यह मन्त्रराज सञ्जीवन मन्त्र सिद्ध मन्त्र जप करने योग्य है। इसकी सम्पुट विधि सुनें।। २४।।

विलादि से वज्रान्त तक इस मन्त्र को सम्पुटित करना चाहिए। पशु के सान्निध्य से हे सुरेश्वरि ! इसे गुप्त रखना चाहिए।। २५।।

प्रकाश

रुद्र रूप को, अघोर को, घोर को, घोर से घोरतर को, समस्त तत्त्वों के सर्वस्व को, सब ओर से नमस्कार। यह उत्कीलन मन्त्र है।

समस्त तत्त्वों में श्रेष्ठ, घोर से भी घोरतर, अघोर, घोर उस रुद्र रूप को सब ओर से नमस्कार। यह सिद्ध मन्त्र है।

अघोर, घोर से भी घोरतर, समस्त तत्त्वों में श्रेष्ठ, घोर रुद्र रूप को सब ओर से नमस्कार। यह सम्पुट मन्त्र है।

हे महादेवि ! इस मन्त्र को दीक्षित साधक, वर्णलक्ष संख्या पूरी होने तक जप करे, यही पुरश्चरण है। जिस प्रकार जीव रहित शरीर किसी कार्य को करने में समर्थ नहीं है। उसी प्रकार पुरश्चरण किये बिना मन्त्र फलदायक नहीं होता।। २६, २७।।

अर्द्धरात्रि में मध्याह्न में, सूने घरों में, चौराहे पर, वटवृक्ष के नीचे, श्मशान में अथवा जंगल में पुरश्चरण करना चाहिए। भूकम्प के समय देवता की पूजा करके मन्त्र के दस हजार जप करने से साधक को वर्णलक्ष जप करने का फल प्राप्त होता है।। २८, २९।।

प्रशस्त दिन एवं ग्रह स्थित रहने पर स्वच्छ घर में देवता की पूजा करके दस हजार मन्त्र जप करने से एक कोटि जप करने का फल होता है।। ३०।।

अब मैं समस्त तन्त्रों में गुप्त, समस्त सिद्धियों को प्रदान करने वाले और समस्त अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाले यन्त्र का यन्त्रोद्धार कहता हूँ।। ३१।।

अथ यन्त्रोद्धारः

अघोर देवता का तीन कोणों वाला, बिन्दुयुक्त, पाँच कोणों वाला, आठ कोणों वाला, आठ पत्तों वाला, सुन्दर वृत्त वाला, कला में स्थित, चार भूगृहों से सुशोभित वह्नि रेखाओं से युक्त यन्त्र सदा प्रकाशित होता है।

इति यन्त्रोद्धारः

हे देवि ! इस अघोर मन्त्र के महाकाल भैरव ऋषि, उष्णिक् छन्द तथा श्रीमान् कालाग्निरुद्र अघोर देवता एवं वीर्य कर्ण कहे गये हैं। श्रुति रूप बीज, श्रवण रूप शक्ति एवं कीलन, अणिमा आदि आठ सिद्धियों के लिए विनियोग बतलाए गये हैं।। ३२, ३३।।

इस श्रीमान् अघोर मन्त्र के श्री कालाग्निरुद्र, महाकाल और वामदेव ऋषि हैं, त्रिष्टुप् पंक्ति, अनुष्टुप् छन्द है, श्रीमान् अघोर भैरव देवता हैं। इस

मन्त्र का अणिमा आदि आठ सिद्धियों की प्राप्ति के लिए अघोर जप में विनियोग होता है।

हे देवि ! जिसके श्रवण मात्र से पुरश्चरण के फल की प्राप्ति होती हो, सभी आगमों से प्रतिपादित लयाङ्ग को सुनें।। ३४।।

